# Jodhpur National University Times

# जोधपुर नेशनल यूनिवर्सिटी टाइम्स

• Jodhpur • Year:2 • Volume:2 • Issue: 5 • *5, November 2014* • English & Hindi (Monthly)
• Chief Editor: Bhupesh Advani • Pages:4 • Price: 1/- Per Copy

**RNI Reg. No. RAJBIL/2013/54116**

**Postal Reg. No. Jodhpur/391/2014-16 Postal Date 7/8 Every Month**








## In India healthcare has emerged as one of the largest service sectors

**- CA Kamal Mehta**



CA Kamal Mehta
Renowned Finance Expert & Chairman, JNU

The healthcare industry is potentially the world's largest industry. In India healthcare has emerged as one of the largest service sectors constituting 5 per cent of the Gross Domestic Product (GDP) and offering employment to around 4 million people.

India's primary competitive advantage over its peers lies in its large pool of well-trained medical professionals. Also, India's cost advantage compared to peers in Asia and Western countries is significant.

The coming years will see great out-of-the-box thinking by the strategists in the field of healthcare, beginning with the way healthcare is delivered. Specially focused on medical tourism, health cities are being designed and executed and hospitals with huge bed strengths which were never heard in the private domain are now coming to light.

At JNU Hospital, we strive for excellence in the healthcare sector to provide best possible services. It is a landmark health destination managed by Jodhpur National University Group. First of its kind in Western Rajasthan, the 500 bedded hospital has the state-of-the-art technology it covers virtually all specialities. The technology advantage is complemented by the man power excellence providing sophisticated and specialized medical care at affordable cost. World-class medical care, friendly, devoted service and affordability are the key features in our every touch."




## राष्ट्रीय एकता दिवस में जोधपुर राष्ट्रीय विवि की सहभागिता

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में समर्पित करते हुए अपनी सहभागिता निभाने के उदेश्य से जोधपुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय में सम्बन्धित कार्यक्रम आयोजित किए गये।


विवि के चैयरमेन श्री कमल मेहता ने बताया कि 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ के साथ ही "राष्ट्रीय एकता दिवस" समारोहपूर्वक मनाया गया। विवि के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थीयों ने एकता से परिपूर्ण भारत के निर्माण में अपना योगदान प्रदान करने की शपथ ली एवं अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने हेतु प्रयासरत रहने का संकल्प किया। अपने सन्देश में उन्होंने बताया की भारत आज जिस मजबूती के साथ एक है, यह लौह पुरुष सरदार पटेल की ही सोच का परिणाम है। ऐसे महान राष्ट्रवादी व सच्चे देशभक्त की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम हर भारतीय हेतु गौरव की बात है।

श्री कमल मेहता ने अपने सन्देश में सभी से अपील की कि देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में सभी अपनी भागीदारी एवं सक्रियता प्रदान करें।

वि.वि. के अध्यक्ष प्रो. (डॉ) वी.पी. गुप्ता ने बताया कि लौह पुरुष के तौर पर लोकप्रिय सरदार पटेल के सम्मान में आयोजित समारोह में उनके योगदान को रेखांकित करते हुए विवि के विद्यार्थियों हेतु विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें विवि के विद्यार्थियो ने ग्रामीणों को राष्ट्रीय एकता व अखंडता के महत्व पर जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया।

## A specific and clear goal is necessary for success in life

**– Dr. Kirit Premjibhai Solanki**



Dr. Kirit Premjibhai Solanki
Member of Parliament

Dr. Kirit Premjibhai Solanki is an Indian Politician and is Member of Parliament in the 15th Lok Sabha of India. He represents the Ahmedabad West constituency of Gujarat and is a member of the Bharatiya Janata Party. Dr. Solanki was born in village Kamboi, Gujarat. He is a doctor by profession and holds MBBS, MS and FICS degrees. He was also the President of the Gujarat State Surgeons Association. Dr. Kirit Solanki, is the first elected Member of Parliament from the Ahmedabad West constituency. Implementing ideology of Babasaheb Ambedkar since his early age, he is actively involved into Social service, particularly for weaker sections in terms of social, educational and cultural development.




"The Process of setting up goal helps you to choose what you want to achieve in the life, but for success in life we have to ensure that we are moving towards our goal in right direction and right speed." This was part of tips for succeeding in the life which was shared by renowned **Member of Parliament** (Ahmedabad West), Dr. Kirit Premjibhai Solanki during his interaction with the representative of JNU Times.

"All great men that you see had standard learning with ABC", with this quote he emphasised that all great men have achieved ladder of success, beginning with very first step.

He also said that good health is also necessary for a successful career.

While sharing tips for success to students he emphasized on importance of culture & values in this modern business world. Youths who are the synergistic sector, should be determined to achieve their aims.


In the same context, he explained it by example of Eklavya, whose aim was to learn from Dronacharya. Even after being refused by Dronacharya, his determination helped him to achieve his aim.

Quoting Hon'ble Prime Minister Mr. Narendra Modi as his inspiration he said there is lot to learn from this great leader as it was definitely a well planned campaign with untiring efforts put in, that resulted in success and made him the Prime Minister of the world's largest democracy. A few learnings that can be acquired are :- Have a specific goal, Plan well and implement, Make the right move at the right time, Remember innovation is the key to success and many more..

*Words for JNU :- "Jodhpur National University is a professionally managed University offering diverse professional courses to choose from with strategic presence across India. I wish JNU a great success ahead."*

**JNU Family congratulates Mr. Pulkit Bishnoi (MBA 1st Year - JNU) on being a part of winning team of State Level Volleyball Championship held at Bikaner. We wish him a bright and shining future ahead!**





# दीपावली स्नेह मिलन











Deepawali Pooja







## ऑटोमोबाइल इंजिन कार्यशाला में झलका विद्यार्थियों का उत्साह


जोधपुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय एवं रोबोसेपियन (आई.आई.टी. दिल्ली से सम्बंधित) भारत संस्थान द्वारा आयोजित की गई दो दिवसीय ऑटोमोबाईल कार्यशाला में विद्यार्थियों ने प्रायोगिक ज्ञान अर्जित करने हेतु विशेष उत्साह के साथ भाग लिया।

जोधपुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के चेयरमेन श्री कमल मेहता ने अपने सन्देश में बताया कि वि.वि का अभियांत्रिकी विभाग हमेशा समकालीन और उभरते क्षेत्रों में गुणवत्ता आधारित प्रशिक्षण प्रदान करने और मांग प्रेरित संसाधनों का विकास करने के क्षेत्र में अग्रणी रहा है,उसी क्रम में यह एक अभिनव प्रयास है ।

कार्यशाला के आरम्भ में वि.वि. के अध्यक्ष प्रो. (डॉ) वी.पी. गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया इसके पश्चात यांत्रिकी अभियांत्रिकी शाखा के विभागाध्यक्ष प्रो. एस एन गर्ग ने अपने उदबोधन में कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डाला।

अनुसंधान अभियन्ता श्री कृष्ण कुमार यादव एवं सहायक श्री विनोद कुमार ने होण्डा मोटरसाईकल के इंजन की कार्यप्रणाली पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होने वाहनों के भीतरी एवं बाहरी कलपुर्जों एवं उनके तंत्रों की कार्यप्रणाली पर चर्चा की। इस दो दिवसीय कार्यशाला में वक्ताओं ने ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में नवीन तकनीकों पर अपने विचार व्यक्त किये एवं डिजाइन सॉफ्टवेयर ''केटिया'' (CATIA) पर विस्तृत चर्चा की।

कार्यशाला में ऑटोमोबाइल से सम्बन्धित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजेता ग्रुप को आई.आई.टी. दिल्ली के वार्षिकोत्सव 2015 में भाग लेने का मौका मिलेगा। प्रो. ओ.पी. गर्ग ने रोबोसेपियन से आए हुए दल के सदस्यों को कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु आभार प्रकट किया।



## जे.ई.सी.आर.इ.सी. एल्यूमिनी एसोसियेशन द्वारा वार्षिक आम सभा का आयोजन

जोधपुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों का संगठन जे.ई.सी.आर.इ.सी. एल्यूमिनी एसोसियेशन की वार्षिक आम सभा का आयोजन पवित्रास रेस्टॉरेंट में किया गया। विवि के चेयरमैन एवं एल्यूमिनी एसोसियेशन के संरक्षक श्री कमल मेहता नें अपने सन्देश में पूर्व विद्यार्थियों के संस्था के प्रति लगाव की सराहना की एवं सभी सदस्यों को समाजोपयोगी कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया।



एल्यूमिनी एसोसियेशन के सचिव श्री शरद माथुर ने पूरे वर्ष की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व विद्यार्थियों एवं अध्यनरत विद्यार्थियों के बीच एक सेतु का कार्य निभाने वाली इस एल्यूमिनी एसोसियेशन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को एकजुट कर समाजपयोगी कार्यो में योगदान प्रदान करने हेतु प्रोत्साहित करना है। इसी क्रम में उन्होंने बताया की एसोसिएशन द्वारा वि.वि. के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) वी.पी. गुप्ता के नेतृत्व में विश्वविद्यालय परिसर में गत वर्ष विभिन्न पौधारोपण कार्यक्रम एवं रक्त दान शिविर जैसे समाजोपयोगी कार्यक्रमों का आजोजन किया गया।



इस सभा में प्रो. डी. के. मेहता एवं प्रो. एस. एन. गर्ग को उपाध्यक्ष एवं पूर्व छात्र विवेक देवड़ा को संयुक्त सचिव मनोनीत किया गया। इस मौके पर एसोसिएशन की गतिविधियों के न्यूजलेटर का भी विमोचन गिया गया । एसोसिएशन द्वारा जरूरतमंद विद्यार्थियों को छात्रवृति प्रदान की गयी ।

सभा के अन्त में जे.ई.सी.आर.इ.सी. एल्यूमिनी एसोसियेशन की कोषाध्यक्ष श्रीमती सिल्विया चौहान ने आभार प्रकट किया।

## जोधपुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय में मैनेजमेंट इवेंट "आगाज-(2) 2014" की धूम

जोधपुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के प्रबन्ध संकाय की ओर से आयोजित तीन दिवसीय मैनेजमेंट इवेंट ''आगाज-(2)'' 2014 में बिजनेस आइडिया एवं मनी मन्त्राज् जैसे मेनेजमेंट गेम्स का आयोजन किया गया। जिसमें बिजनेस आइडिया में अक्षय, आसिफ, अनुराधा, चन्द्रप्रकाश, गोपाल, नितिन, विजय एवं महेश की टीम विजेता रही वहीं मनी मन्त्राज् में पुलकित, रविन्द्र, प्रिया एवं सिद्धार्थ की टीम विजेता रही। उल्लेखनीय है कि इस तीन दिवसीय मैनेजमेंट इवेंट मे विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे ऐड मेनिया, बिज क्विज, मनी मंत्राज्, बिजनेस आइडिया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

वि.वि. के चेयरमेन श्री कमल मेहता नें आयोजन की सराहना की एवम् बताया कि आयोजित प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मौका मिलता है एवं क्रियेटिविटी का दायरा बढ़ता है।

संचालन डॉ. अलका श्रीवास्तव ने किया । संकाय अधिष्ठाता डॉ. गौरव लोढा ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और आगे भी इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने हेतु प्रेरित किया। समापन समारोह मे विजेता छात्र एव छात्राओं को पुरस्कृत किया गया ।




जोधपुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय
Jodhpur National University

Ever Welcome at:

Email: info@jodhpurnationaluniversity.com
web. : www.jodhpurnationaluniversity.com
www.facebook.com/jnujodhpur

# JNU अस्पताल में निःशुल्क परामर्श एवं शल्य चिकित्सा शिविर

जोधपुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित JNU अस्पताल में निशुल्क परामर्श एवं शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। -

संस्था के चैयरमेन श्री कमल मेहता ने बताया कि इस निशुल्क शिविर में 26 अक्टूबर से 5 नवंबर तक अस्पताल के वरिष्ठ एवं अनुभवी चिकत्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। वरिष्ठ फिजिशियन, चर्म एवं रति रोग विशेषज्ञ, अस्थि एवं जोड रोग विशेषज्ञ, टीबी एवं चेस्ट रोग विशेषज्ञ, शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, सर्जरी विभाग के विशेषज्ञो ने विशेष रूप से अपनी सेवाएं एवं उपचार प्रदान कर आमजन को लाभान्वित किया।



JNU अस्पताल के उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ फिजिशियम डॉ. विजय बालानी ने जानकारी देते हुये बताया कि इस शिविर में अस्थि एवं जोड रोग, सामान्य व दूरबीन द्वारा सर्जरी एवं प्रसूति व स्त्री रोगों सम्बन्धी 200 प्रकार के ऑपरेशन पूर्णतः निःशुल्क (इम्प्लांट अतिरिक्त) उपलब्ध कराये गये। साथ ही 103 प्रकार की लैब, एक्स रे, सोनोग्राफी व अन्य महत्वपूर्ण जाँचे पूर्णतः निशुल्क उपलब्ध करायी गयी। JNU अस्पताल एवं अमेरिका की स्वयं सेवी संस्था स्माइल ट्रेन के सहयोग से कटे होंठ व कटे तालू के मरीजों हेतु निःशुल्क ऑपरेशन सुविधा (दवाइयों सहित) प्रदान की।

JNU अस्पताल के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ डी. आर. माथुर ने अस्पताल में उपलब्ध विशेष



सुविधाओं की जानकारी देते हुये बताया कि अस्पताल इकोकॉडियोग्राफी, पेथ लैब, डिजीटल एक्स रे, सोनोग्राफी, ब्लड बैंक, ई.ई.जी., टी. एम. टी, ई.सी.जी, पी.एफ.टी, एन.आई.सी.यू./पी. आई.सी.यू, लेबर रूम, आई.सी.यू., आत्यधुनिक 10 ऑपरेशन थियेटर जैसी सुविधाओं से परिपूर्ण है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में 24 घण्टे आपातकालीन सुविधा एवं एम्बुलैंस की सुविधा उपलब्ध है।


# जे एन यू अस्पताल

( जोधपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल )

झंवर रोड नारनाडी ( बोरानाडा ) जोधपर

अस्थि एवं जोड़ रोग, सामान्य व दूरबीन द्वारा सर्जरी एवं प्रसूति व स्त्री रोगों संबंधी
200 प्रकार के छोटे बड़े सभी तरह के ऑपरेशन निःशुल्क ( दवाइयां व इम्प्लांट अतिरिक्त )

: अत्याधुनिक चिकित्सकीय सेवाएं :

**मेडिसन (औषध)**
डॉ. विजय बालानी
डॉ. सुमित गोधवानी

**प्रसूति एवं स्त्री रोग**
डॉ.अन्नपूर्णा माथुर
डॉ.पी के भटनागर

**शल्य चिकित्सा**
डॉ. राजेश व्यास

**नवजात शिशु एवं बाल रोग**
डॉ. विमला पुरोहित

**नाक, कान व गला रोग**
डॉ. विकास देवड़ा

**नेत्र रोग**
डॉ. वीना जैन
डॉ. वर्षा वार्ष्णेय

**फिजियोथेरेपिस्ट**
डॉ. राजेन्द्र कच्छवाहा

**मैक्सीलो फेशियल सर्जन**
डॉ. डॉन वर्गिस

**निःश्चेतना विशेषज्ञ**
डॉ. विनय जोशी

**चर्म रोग चिकित्सा**
डॉ. नटवर पटेल

**अस्थी एवं जोड़ रोग**
डॉ. नरेश जोशी
डॉ. राहुल अग्रवाल

**पैथोलॉजिस्ट**
डॉ. डी.आर. माथुर
डॉ. रश्मि शर्मा

**रेडियोलॉजिस्ट**
डॉ. के.के. सभरवाल
डॉ. एम.एस. मत्तड़

5000 से अधिक सफल ऑपरेशन
अत्याधुनिक लैब
ब्लड बैंक सुविधा
डाईटिशियन के निर्देशन में उच्चस्तरीय कैंटीन सुविधा
डायलिसिस सुविधा उपलब्ध

निम्न संस्थानों से अनुबंधित : ♦ मैक्स बुपा लाइफ इन्श्योरेन्स (कैशलेस) ♦ पश्चिमी राजस्थान दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड (सरस डेरी) - पुनर्भरण हेतु

जे.एन.यू. अस्पताल के **सिटी सेन्टर** अस्पताल
**3, मोहनुपरा पुलिया, जोधपुर**
फोन : 0291-2517679, 2517978 हैल्पलाईन : 9828472317
पर भी निम्न वरिष्ठ चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध

**डॉ. विजय बालानी**
वरिष्ठ फिजिशियन
(सांय 5.30 से 7.00 बजे तक )

**डॉ. आर.के.बेहरा**
वरिष्ठ फिजिशियन
(प्रात: 9.00 से 2.00 बजे तक )

**डॉ. रोहित शर्मा**
प्रोस्थोडोन्टिस्ट एवं इंप्लांटोलोजिस्ट
(प्रात: 10.00 से सांय 7.30 बजे तक )

**डॉ. शशि चावला**
वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ
(प्रात: 9.00 से 3.00 बजे तक )

**पश्चिमी राजस्थान का अग्रणी अस्पताल**

**कटे होंठ व कटे तालू के पूर्णतया निःशुल्क ऑपरेशन**




ऑपरेशन संबंधी सभी जांचे व आवश्यक दवाईयां निःशुल्क

सहयोगी संस्था :
SmileTrain **'स्माइल ट्रेन'** अमेरिका

हेल्पलाइन नम्बर : 86 96 950 950

शहर से 23 नम्बर बस सुविधा उपलब्ध

